**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद मुरादाबाद** **दिनांक-30.08.2022**

**1- चोरी की मोचरसाइकिल सहित 3 गिरफ्तार, थाना सिविल लाइन्स-**

अवगत कराना है कि दिनांक 27-08-2022 को वादी विपुल कुमार पता दमदमा कोठी के पास जिगर कालौनी मुरादाबाद ने दमदमा कोठी के पास जिगर कॉलौनी से मोटर साइकिल (नम्बर UP12AU9143) चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0- 713/2022 धारा- 379 पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 30-08-2022 को उ0नि0 सुमित कुमार, थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल प्रकाश में आये अभियुक्त 1- ऋषभ चौधरी पुत्र जितेन्द्र चौधरी निवासी जिगर कालोनी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद, 2- शाद अली पुत्र इकराम अली निवासी थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद, 3-अब्दुल रहमान पुत्र मन्सूर अली खान निवासी थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी।

**2- अवैध तमंचे सहित 01 गिरफ्तार, थाना सोनकपुर-**

अवगत कराना है कि दिनांक 29.08.2022 को उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना सोनकपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल महेश पुत्र मोहन उर्फ कडीभात निवासी ग्राम हसनपुर रुप पट्टी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0- 59/2022 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**3- दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, थाना मैनाठेर-**

अवगत कराना है कि दिनांक 17.08.2022 को वादिनी निवासिनी थाना मैनाठेर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त मुनासिफ द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ बलात्कार करने, शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने, अभियुक्त की बहन द्वारा कमरे के बाहर खड़े होकर रखवाली करने तथा वादिनी द्वारा अभियुक्त के माता पिता से शिकायत करने पर वादिनी के साथ गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 241/2022 धारा- 376, 504, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 30-08-2022 को उ0नि0 श्री वेदपाल सिंह, थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त मुनासिफ उर्फ मुनासिब पुत्र मुख्तियार निवासी ग्राम मौहम्मदपुर बस्तौर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

**4- अवैध चरस सहित 01 गिरफ्तार, थाना कटघर**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 30.08.2022 को उ0नि0 श्री बिजेन्द्र सिंह राठी, थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल मौ0 वसीम पुत्र मौ0 यासीन निवासी रहमत नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को 250 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 526/2022 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**5- तीन तलाक देने का वांछित आरोपी गिरफ्तार, थाना कटघर**

अवगत कराना है कि दिनांक 23-08-2022 को वादिनी निवासिनी थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत ने अरोपी द्वारा मारपीट व गाली गलौच कर तीन तलाक देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 497/2022 धारा- 323, 504 भादवि व 3/4 मु0म0 अधि0 पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 30-08-2022 को उ0नि0 श्री प्रबोध कुमार सिंह, थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल वांछित आरोपी मंसूर बेग पुत्र स्व0 श्री मतलूब बेग निवासी थाना मुगलपुरा क्षेत्रांतर्गत जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

**6- तीन तलाक देने व हत्या का प्रयास करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार, थाना कटघर**

अवगत कराना है कि दिनांक 30-10-2021 को वादिनी निवासिनी जनपद संभल ने अरोपी द्वारा मारपीट, गाली गलौच कर तीन तलाक देने व हत्या का प्रयास करने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 593/2021 धारा- 323, 504, 307 भादवि व 3/4 मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 30-08-2022 को उ0नि0 श्री बिजेन्द्र सिंह राठी, थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल वांछित आरोपी अब्दुल जब्बार पुत्र नवाबुद्दीन उर्फ मुन्नन निवासी रहमतनगर करुला थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

**7- अपहरण करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार, थाना ठाकुरद्वारा-**

अवगत कराना है कि दिनांक 29-08-2022 को वादी निवासी ठाकुरद्वारा क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को घर के बाहर से बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0- 413/2022 धारा- 363 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 29-08-2022 को उ0नि0 श्री सोहनपाल सिंह,थाना ठाकुरद्वारा द्वारा मय हमराही पुलिसबल वांछित आरोपी फईम पुत्र श्री खलील अहमद निवासी नई वस्ती ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

**8- प्रेसनोट जनपद मुरादाबाद**

**थाना भगतपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुये हत्या की घटना का खुलासा करते हुये हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद।**

दिनांक 14.08.2022 को वादी राजेन्द्र सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम बढ़ापुरा मझरा कूरी थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के भाई मृतक जयवीर सिंह की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी। तहरी के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0 193/2022 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के कुशल नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में प्रभावी विवेचनात्मक कार्यवाही से अभियुक्त सरजीत पुत्र वीर सिह निवासी ग्राम बढ़ापुरा मझरा कूरी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 30.08.2022 को थाना भगतपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त सरजीत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक दाव बरामद किया गया है।

**हत्या का कारणः-**

दिनांक 12.08.2022 की शाम को मृतक जयवीर सिंह व अभियुक्त सरजीत उपरोक्त सतपाल के बाग/खेत में शराब पी रहे थे, अभियुक्त सरजीत गांव में भगताई का काम करता था। शराब पीते– पीते मृतक जयवीर तथा अभियुक्त सरजीत के मध्य भगताई की बाते चलने लगी, बातो-बातो में मृतक जयवीर ने अभियुक्त सरजीत को ढोंगी कह दिया। ढोंगी कहना अभियुक्त सरजीत को बुरा लग गया और ट्युबवैल के पास रखे दाव से मृतक जयवीर पर कई बार वार किये जिससे वह धान के खेत में गिर गया। जयवीर को मरा समझ कर अभियुक्त सरजीत मौके से भाग गया। उक्त दाव की चोटों के कारण जयवीर की मृत्यु हो गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

अभियुक्त सरजीत पुत्र वीर सिह निवासी ग्राम बडापुरा मझरा कूरी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**

अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल एक अदद दाव

**आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0 49/2016 धारा 377 भा0द0वि0 थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।
2-मु0अ0सं0 124/2016 धारा 110 जी सीआर0पी0सी0 थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- प्रभारी निरीक्षक श्री विप्लव शर्मा थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।
2-व0उ0नि0 श्री इलम सिंह थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।
3-कां0 शेखर मलिक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।
4-कां0 मनोज थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

**9- प्रेसनोट जनपद मुरादबाद**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद ने आग में फसे 07 लोगों का जीवन बचाने वाले पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 30-08-2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा दिनांक 25-08-2022 को थाना गलशहीद क्षेत्रान्तर्गत असलातपुरा लंगडे की पुलिया के पास मकान में घटित अग्निकांड में आग में फसे 07 व्यक्तियों को कडी मेहनत व अथक प्रयास से सकुशल निकाल कर उनका जीवन रक्षण करने वाले पुलिस व अग्निशमन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का उत्साववर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारियो का विवरण-**

1-एफ0एस0ओ श्री ज्ञान प्रकाश कटघर जनपद मुरादाबाद।
2-एफ0एस0ओ श्री शत्रुघ्न हैलेट रोड मुरादाबाद।
3-ली0 फायरमैन श्री शिव कुमार शर्मा हैलेट रोड मुरादाबाद।
4-ली0 फायर मैन श्री कृपाल सिंह हैलेट रोड मुरादाबाद।
5-फा0स0 चालक श्री सुरेन्द्र कुमार हैलेट रोड मुरादाबाद।
6-फा0स0 चालक श्री अजब सिंह कटघऱ मुरादाबाद।
7-फायर मैन श्री संदीप सिंह कटघऱ मुरादाबाद।
8- फायर मैन श्री अनिल कुमार हैलेट रोड मुरादाबाद।
9- फायर मैन श्री जुबैर आलम हैलेट रोड मुरादाबाद।
10 फायर मैन श्री कपिल कुमार द्वितीय हैलेट रोड मुरादाबाद
11- फायर मैन श्री रविकुमार हैलेट रोड मुरादाबाद हैलेट रोड मुरादाबाद।
12-प्रभारी निरीक्षक श्री लखपत सिंह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।
13-उ0 नि0 श्री चमन सिंह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।
14उ0नि0श्री उचित कुमार थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।
15-आरक्षी संदीप कुमार थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।
16-आरक्षी दिनेश कुमार थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।
17-आरक्षी नीरज कुमार थाना गलशहीद थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।